न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी : श्री रोहित कुमार, आर.ए.एस

मुकदमा न0 राजस्व वाद 811/2018

प्रार्थीगण :– भैरूसिह पुत्र श्री मगनलाल जाति पुरोहित निवासी तिरसिंगडी सोढा तहसील पचपदरा जिला बाडमेर हाल निवासी भाभर जिला बनासकांठा गुजरात।

बनाम

विप्रार्थीगण :–.राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारक तहसीलदार पचपदरा।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यु एक्ट

उपस्थित :– 1. श्री ओमसिंह राजपुरोहित प्रार्थीगण वकील

'आदेश'

दिनांक :–13.9.2019

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में सक्षिप्त तथ्य इस प्राकर है कि खातेदारी सरहद मौजा तिरसिंगडी सोढा, के खेत खसरा नं0 90 रकबा 5 बीघा 12 विस्वा, ख0न0 398 रकबा 57 बीघा 11 विस्वा कुल रकबा 63 बीघा 3 विस्वा मे स्थित है जिसमें प्रार्थी के स्वंय की खातेदारी व कब्जा काश्त की भूमि स्थित है एवं खसरा न0 269 रकबा 27 बीघा 2 विस्वा, ख0न0 104 रकबा 54 बीघा 2 विस्वा सरहद मौजा तिरसिंगडी सोढा मे स्थित है जिस पर प्रार्थी का संयुक्त रूप से कब्जा काश्त है । प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थी के पिता मगनलाल की मृत्यु होने के पश्चात नामान्तकरण सख्या 2,3,4 दिनांक 15.11.1959 में भरा गया जिसमे उनके पुत्र उतराधिकारी के होने से प्रार्थी का भैरूसिह पुत्र मगनाल कौम पुरोहित से भरा गया था । जबकि राजस्व रेकर्ड खसरा न0 90 व 398, खसरा न0 104 रकबा 54.02 की जमाबंदी प्रार्थी का नाम भेरूलाल पुत्र मगनलाल कौम पुरोहित भूल से दर्ज किया गया जबकि म्यूटेश्न के अनुसार भैरूसिंह पुत्र मगनलाल पुरोहित है। खसरा न0 269 की जमाबंदी में प्रार्थी का नाम भेरूसिह पुत्र मानसिंह भूल दर्ज कर दिया है । जबकि सही नाम भैरूसिह पुत्र मगनलाल है। अतः उक्त अराजी खसरा में प्रार्थी राजस्व रेकर्ड जमाबंदी में माफिक म्युटेश्न के अनुसार भैरूसिह पुत्र मगनलाल पुरोहित राजस्व रेकर्ड मे माफिक म्यूटेंश्न दर्ज किये जाने का आदेश्न प्रदान करावें।

प्रार्थी ने अवगत कराया कि प्रार्थी का भारत सरकार द्वारा जारी निर्वाचन आयोग द्वार पहचान पत्र व आयकर विभाग द्वारा जारी पेन कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजता में प्रार्थी का नाम भैरूसिह पुत्र मगनलाल पुरोहित दर्ज किया हुआ है।

प्रार्थी वकील की एक तरफा बहस सुनी गयी तथा प्रार्थना पत्र संलग्न प्रस्तुत दस्तावेज, प्रमाण पत्र, पहचान पत्रो व राजस्व रेकर्ड का भली–भातिं अवलोकन कर मनन किया गया । तथा नामान्तरकरण संख्या 2,3,व 4 दिनांक 15.11.1959 का अवलोकन किया गया ।

उपरोक्त विवेचन के आधार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से प्रार्थना पत्र स्वीकार किया प्रार्थी के ग्राम तिरसींगडी सोढा की जामबंदी सम्वत 2070–2073 खसरा न090, 398 ख0न0 104, में प्रार्थी का नाम भेरूलाल पुत्र मगनलाल दर्ज व ख0न0 269 मे प्रार्थी के पिता का नाम मानसिंह दर्ज है जबकि सही नाम मगनलाल है।

सहायक कलेक्टर
(S.D.O.) बालोतरा

Scanned by CamScanner

अतः नामान्तरकरण संख्या 2, 3 व 4 के अनुसार खसरा न0 वर्तमान खातेदारी भूमि में प्रार्थी भैरूसिहं पुत्र मगनलाल पुरोहित सा. तरसींगडी सोढा राजस्व रेकर्ड में सही अमल दरामद करने के आदेश दिय जाते है तहसीलदार पचपदरा राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का सही नाम भैरूसिह पुत्र मगनलाल पुरोहित दर्ज करें।

निर्णय आज दिनांक 13.09.2019 को खुले न्यायालय में सुनाया गया पत्रावली बाद तामिल तकमील फैसल समान होकर दाखिल दफतर हो।

निर्णय आज दिनांक 13.9.2019 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(रोहित कुमार)
सहायक कलक्टर,
(एसडीओ) बालोतरा
सहायक कलक्टर
(S.D.O.) बालोतरा,

Scanned by CamScanner